# अपनी माता को इतना रुलाओ ना | By Pooja Shrivastava

हद हो गई गोगाजी अब आओ ना
तेरी माता पुकारे घर लौट आओ ना

अपनी माता को इतना रुलाओ ना
तेरी माता पुकारे घर लौट आओ ना

माँ बाछल पुकारे, घर आजा मेरे लाल

बड़ी निराश गोगा माता तुम्हारी
आंसू बहाये तेरी श्रियल बेचारी
अपनी रानी को और तड़पाओ ना
तेरी माता पुकारे घर लौट आओ ना

आजा आजा गोगा प्यारे घर वापस तू आजा

माता कभी भी कुमाता नहीं होती
बेटे की यादो में हर पल वो रोती
अपनी माता के दिल को दुखाओ ना
तेरी माता पुकारे घर लौट आओ ना

माँ बाछल पुकारे घर आजा मेरे लाल

माता से ऐसे मुख मोड़ा नहीं जाता
पत्नी परिवार को यूँ छोड़ा नहीं जाता
अपने घर की ये खुशियां मिटाओ ना
तेरी माता पुकारे घर लौट आओ ना

अपनी माता को इतना रुलाओ ना
तेरी माता पुकारे घर लौट आओ ना

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%85%e0%a4%aa%e0%a4%a8%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%87%e0%a4%a4%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a5%81%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%93-%e0%a4%a8%e0%a4%be-by/